परम रम्य गिरिबरु कैलासू। सदा जहां सिव उमा निवासू।
चित्रकूट गिरि करहु निवासू। तहँ तुम्हार सब भाँति सुपासू।
| Ram Katha 938 – मानस सप्त शिखर || Shri Sammed Shikharji, Jharkhnad || ✲मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 340 | इंदौर, शनिवार 22 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# मानसून- बस थोड़ा और इंतजार

## ❒ भोपाल, इंदौर-जबलपुर में अगले 48 घंटे में पहुंचेगा मानसून

### शाजापुर-राजगढ़ में आज तेज बारिश का अलर्ट; ग्वालियर-दतिया में गर्मी रहेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मानसून के लिए बस थोड़ा और इंतजार करना होगा। मौसम प्रणालियां एक्टिव हैं और धीरे-धीरे मानसून भी सक्रिय हो रहा है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत 8 जिलों में अगले 48 घंटे में मानसून एंटर हो सकता है। इससे पहले यहां पर प्री-मानसूनी एक्टिविटी जारी रहेगी। पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी और अनूपपुर जिलों में मानसून शुक्रवार को प्रवेश कर चुका है। शाजापुर, राजगढ़ में शनिवार को तेज बारिश होने का अलर्ट है। वहीं, ग्वालियर-दतिया में गर्मी का असर देखने को मिल सकता है।**

इससे पहले गुरुवार-शुक्रवार की रात प्रदेश के 43 जिलों में बारिश हुई थी। भोपाल के बैरागढ़ (संत हिरदाराम नगर) में 5 घंटे में 4.8 इंच बारिश दर्ज की गई थी। वहीं, सीहोर में 4 इंच बारिश हुई। इंदौर, उज्जैन, विदिशा, बालाघाट समेत अन्य जिलों में भी तेज और रिमझिम बारिश हुई थी। इसी बीच छह जिलों में मानसून ने प्रवेश कर लिया।

सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, भोपाल, इंदौर, जबलपुर संभाग में अब मानसून पहुंचेगा। इसके बाद अन्य जिलों में आएगा। सबसे आखिरी में ग्वालियर-चंबल में मानसून पहुंच सकता है। सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि मानसून धीरे-धीरे आगे बढ़ेगा। इसे लेकर अब तक पॉजिटिव फीडबैक मिल रहा है।



### कई शहरों में टेम्प्रेचर लुढ़का

शुक्रवार को भी प्रदेश के कई शहरों में बारिश हुई। इनमें भोपाल, बैतूल, धार, इंदौर, खंडवा, उज्जैन, जबलपुर, मलाजखंड आदि शहर शामिल हैं। इस वजह से दिन के तापमान में खासी गिरावट हुई है। भोपाल में पारा 32.7 डिग्री, इंदौर में 31 डिग्री, ग्वालियर में 38.6 डिग्री, जबलपुर में 35.4 डिग्री, उज्जैन में पारा 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे ठंडा पचमढ़ी रहा। यहां 30.8 डिग्री टेम्प्रेचर रहा। धार में 31.3 डिग्री और खंडवा में 31.5 डिग्री दर्ज किया गया। मंडला में सबसे ज्यादा 43.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

### किसानों को यह सलाह

1. मानसून के आने के बाद जून के आखिरी या जुलाई के दूसरे सप्ताह तक का समय बोवनी के लिए उपयुक्त है। जब 4 इंच बारिश हो जाए तो किसान बोवनी कर सकते हैं।
2. पर्याप्त बारिश होने या फिर सिंचाई की सुविधा होने पर 23 जून के बाद धान की नर्सरी के लिए किसान खेत तैयार कर लें।
3. कपास या सोयाबीन की बोवनी मानसून आने के पश्चात भूमि में पर्याप्त नमी होने पर ही करें।
4. अरहर की बुवाई के लिए खेत की तैयारी करें। जिन किसानों के पास सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो, वे हरी खाद के लिए मक्का या ढैंचा की बोवनी करें।

## हैवान बेटे ने की 72 साल की मां की हत्या, डंडे से तब तक पीटा जब तक मर नहीं गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर जिले के देवरी कला थाना क्षेत्र के ग्राम कोपरा में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। जहां, एक बेटे ने 72 साल की बुजुर्ग मां की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मृत महिला का नाम कमल रानी (72) पति मनमोद लोधी है। वह अपने छोटे बेटे अमोल सिंह (40) के साथ घर में अकेली रहती थी। अमोल आदतन शराबी है। उसका 15 साल पहले पत्नी से छोर छुट्टी (तलाक) हो चुका था। बताया जा रहा है कि युवक प्रतिदिन शराब पीकर मां के साथ विवाद करता था। उसका एक भाई और है जो इसके घर से थोड़ी दूर रहता है। आरोपी के बड़े भाई ने पुलिस को बताया कि बीती रात्रि मां और बेटे में विवाद हुआ था। इसके बाद वह रात में घर पहुंचा तो उसकी मां मृत अवस्था में पड़ी थी। छोटा भाई अमोल घर से लापता था। मां के शव के पास एक डंडा पड़ा हुआ था। घटना की सूचना पुलिस पर पहुंची पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही फरार बेटे की तलाश भी की जा रही है। पुलिस ने मृतका के शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है।

## बिना मां बने दो महीने से 13 लीटर दूध दे रही गाय, पूरा गांव हैरान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह।** नस्ल सुधार के जरिए गाय के दूध की मात्रा बढ़ाने के बारे में सभी ने सुना है। लेकिन, ऐसा शायद ही किसी ने सुना हो कि एक गाय बिना मां बने दूध दे सकती है। कुछ इसी तरह का वाक्या दमोह जिले के बटियागढ़ ब्लॉक के ग्राम मुहली में सामने आया है। गांव में रहने वाले किसान देवेंद्र लोधी की गाय बिना मां बने 13 लीटर दूध हर रोज दे रही है। इस कौतूहल के चलते पूरे गांव के लोग गाय को देखने पहुंच रहे हैं कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है। किसान देवेंद्र लोधी ने बताया कि उन्होंने दो साल पहले पाटन के पास एक गांव से जर्सी गाय खरीदी थी।

कटाक्ष




# सबसे बड़ा दिन और सबसे छोटी रात

## परछाई गायब होने की घटना देखने के लिए पहुंचे खगोल प्रेमी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। 21 जून को खगोलीय घटना को देखने के लिए बड़ी संख्या में खगोल प्रेमी जीवाजी राव वेधशाला पहुंचे थे। दरअसल शुक्रवार शुन्य छाया दिवस में दोपहर के समय एक स्थिति परछाई कुछ समय के लिए शुन्य हो ने की स्थिति को देखने के लिए लोग यहाँ पहुंचे थे। हालाँकि बादलो के कारण ज्यादा स्पष्ट नहीं दिख सका।**



जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त ने बताया कि पृथ्वी के सूर्य के चारों ओर घूमने (परिक्रमण) के कारण सूर्य हमको कर्क रेखा से मकर रेखा के बीच गति करता हुआ दिखाई देता है। उज्जैन कर्क रेखा के नजदीक स्थित है। अतः 21 जून को स्थानीय समय दोपहर 12 बजे (भारतीय मानक समय 12 बजकर 28 मिनट) पर सूर्य, कर्क रेखा पर लम्बवत होने के कारण परछाई कुछ समय के लिए शून्य हो गई। वेधशाला में इस खगोलीय घटना को शंकु यन्त्र के माध्यम से प्रत्यक्ष देखा गया। हालांकि बादलो की आवाजाही के कारण बहुत साफ नहीं दिख सका।



# आंतरिक और बाहरी दुनिया के बीच के संबंध को भी बढ़ावा देता है योग

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** योग का हम सभी के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। योग का उद्देश्य मन और शरीर दोनों में शक्ति, जागरूकता और सामंजस्य का निर्माण करना है माना जाता है कि इसे करने से व्यक्ति बड़े से बड़े तनाव से छुटकारा पा सकता है। योग सिर्फ व्यक्तिगत कल्याण के लिए ही नहीं बल्कि आंतरिक और बाहरी दुनिया के बीच के संबंध को भी बढ़ावा देता है।

संस्था अरु योगासन की संचालिका योग साधिका अनिता शर्मा ने यह बात अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संस्था अरुयोगासन के द्वारा विश्वविख्यात शंकरा आई सेंटर, इंदौर की विजय नगर में स्थित शाखा में आयोजित विशेष कार्यशाला में कही। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है। हर वर्ष इस दिन को एक खास थीम के साथ मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य योग के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना होता है।

योग के आठ अंग माने जाते हैं, जिसे अष्टांग कहते हैं। इनमें यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि का नाम शामिल है। अष्टांग योग करने से शारीरिक रूप से ताकत और मांसपेशियां मजबूत होती हैं। शरीर के सभी अंगों को मजबूत करने के लिए योग के इन आठों अंगों का अभ्यास करना अनिवार्य है। अंत में संस्था अरुयोगासन की और से श्री रुपेश शर्मा ने सभी पधारे हुई गणमान्य अथितियों और संस्थान के कर्मचारियों का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

# भिक्षावृत्ति के विरूद्ध चल रहे अभियान के बेहतर परिणाम आये सामने

### ❑ भिक्षावृत्ति से मुक्त व्यक्तियों को स्वरोजगार से जोड़ने की होगी पहल

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। इंदौर शहर में जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों और स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से चलाये जा रहे भिक्षावृत्ति रोकथाम के अभियान के बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। इस अभियान से भिक्षावृत्ति की स्थाई प्रवृत्ति पर रोक लगाने में मदद मिली है। अब छुट-पुट भिक्षावृत्ति ही दिखाई दे रही है, इसे भी सख्ती से रोका जायेगा। भिक्षावृत्ति से मुक्त व्यक्तियों को स्वरोजगार से जोड़ा जायेगा। अभियान की समीक्षा के लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।**

बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह सहित महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अभियान से जुड़े स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। बताया गया कि अभियान के तहत यातायात कंट्रोल रूम के माध्यम से भिक्षावृत्ति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। यह निगरानी 247 हो रही है। निगरानी की इस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा दिए गए हैं। कार्रवाई के लिए 7 रेस्क्यू दल भी बनाए गए हैं। सभी दलों के लिए वाहन की व्यवस्था की गई है। भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए सतत् जन जागरण अभियान भी चलाया जा रहा है। बैठक में बताया गया की भिक्षावृत्ति की मांगने की स्थाई प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक लगी है। अब शहर में कहीं छूट-पुट जगह ही अस्थाई रूप से भिक्षा मांगने की प्रवृत्ति देखी जा रही है। इस प्रवृत्ति को भी पूरी तरह समाप्त किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि भिक्षावृत्ति से मुक्त बच्चों के शिक्षण की व्यवस्था भी की गई है। अभी तक 216 बच्चों को शिक्षा से जोड़ा गया है। साथ ही 70 महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वयं सहायता समूह बनाये गये है। भिक्षावृत्ति से मुक्त युवाओं को रोजगार से जोड़ने की पहल भी की जा रही है।

# सड़कों और फुटपाथ पर कब्जा करने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही

### लम्बी दूरी की चलने वाली यात्री बसों के अवैध बस स्टैण्ड होंगे शहर के बाहर

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** इंदौर शहर में यातायात सुधार के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जायेगा। अभियान के तहत सड़कों और फुटपाथ पर कब्जा कर यातायात बाधित करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। पहले दुकानदारों और व्यवसायिक संस्थानों को तीन दिन की चेतावनी दी जा रही है कि वे अपना सामान और कब्जा फुटपाथ से हटा लेंवे। इसके बाद मुहिम चलाकर सामान जब्ती और कब्जा हटाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके बाद पुनः सामान रखने और कब्जा करने वालों की दुकाने/व्यावसायिक संस्थान सील किये जायेंगे। प्रथम चरण में शहर की 15 सड़कों को इस कार्यवाही के लिए चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही शहर से लम्बी दूरी की यात्री बसों का संचालन प्रतिबंधित किया जायेगा। लम्बी दूरी की चलने वाली यात्री बसों के अवैध बस स्टैण्ड शहर के बाहर संचालित करना होंगे। इन बसों के संचालन के लिए नायतामुण्डला स्थित बस स्टैण्ड का विकल्प बस संचालकों को दिया गया है।

यह जानकारी आज यहां कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दी गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, डीसीपी ट्राफिक श्री अरविन्द तिवारी, स्मार्ट ?सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, अपर आयुक्त नगर निगम श्री अभिलाष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि अभियान के तहत कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन, यातायात पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों के दल बनाये गए है। यह कार्यवाही शनिवार से प्रारंभ होगी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि सड़कों और फुटपाथ पर अवैध रूप से सामान रखने और कब्जा होने से फुटपाथ और सड़कों का उसकी क्षमता के अनुरूप उपयोग नहीं हो पाता है। इससे यातायात बाधित होता है। सड़क पर अवैध कब्जे करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिये है।

## पौधारोपण महाअभियान के तहत कार्यशाला आज

**इंदौर।** पौधारोपण महाअभियान के तहत पंचायत प्रतिनिधियों की कार्यशाला का आयोजन 22 जून 2024 शनिवार को दोपहर 2 बजे से लता मंगेशकर ऑडिटोरियम राजेंद्र नगर इंदौर में किया जाएगा। इस कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत द्वारा किया जा रहा है।

### तीसरा सत्र दल बदल और विपक्ष का बल

# सत्ता के लोभ में नेता बदल रहे है राजनीतिक दल

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। स्टेट प्रेस क्लब म.प्र. द्वारा आयोजित भारतीय पत्रकारिता महोत्सव के पहले दिन का तीसरा सत्र भी बड़ा रोचक था। विषय था दल बदल और विपक्ष का बल। इस विषय पर प्रिंट और इलेक्ट्रनिक पत्रकारों ने खुलकर बेबाकी से बात की।**

पत्रकार मुकेश मीणा ने कहा कि सता के मोह में राजनीतिक पार्टियों के नेता दल बदल करते है। एक बार ऐसा भी वाक्या हुआ कि एक ही नेता ने एक दिन ने तीन बार दल बदल किया। आयाराम गयाराम अब अधिक हो रहा है। ये स्थितियां लोकतंत्र के लिए भी चुनौती है। दल बदल को रोकने के लिए चुनाव आयोग ने नियम कायदे से लेकर कानून तक बने है। प्रो. एवं पत्रकार डॉ. संजय दिवेदी ने कहा कि बदल एक मनोवैज्ञानिक समस्या है। दल बदल वैचारिक मतभेद के कारण भी नेता दल बदल जाते है। पढ़े लिखे नेता अधिक दल बदलते है। वामपंथी इसके सबसे बड़े उदाहरण है। दल बदल बुरी बात भी नही है। अगर विचार न मिले तो बदल लो। कांग्रेस सबसे अधिक बार टूटी है। देश में आधी से राजनीतिक पार्टिया का जन्म कांग्रेस की टूट की वजह से हुआ है। जब आदमी धर्म बदलने के लिए आजाद है तो दल बदल के लिए भी व्यक्ति आजाद है। प्रो. दिवेदी ने आगे कहा कि जब तक राजनीति का शुद्धिकरण नहीं होगा तब तक इस समस्या का समाधान नही होगा। मीडिया ने संचार और संवाद के माध्यम से समस्याओ का समाधान किया, लेकिन आज मीडिया अपनी विश्वनीयता खो चुका। नारद जैसी पत्रकारिता करे जिसमें संवाद हो। समाज को बाटने की प्रवती राजनीति में आज अधिक हो रही है। टी. वी. पत्रकार एवं एंकर दिवाली शुक्ला ने कहा अधिकांश नेता सत्ता के लोभ के लिए दल बदल करते है। जनता अगर जागरूक रहेगी तो दल बदल कम होगा। मीडिया माइंड सेट करता है।

लखनऊ के वरिष्ठ पत्रकार संजय शर्मा ने कहा कि दल बदल केवल नेता ही नही करते हैं मीडियाकर्मी भी करते है। धन और एडवरटाइजमेंट के लालच में अब मीडिया भी दल बदल कर रहा है। अपने अखबार और यू ट्यूब चैनल की यात्रा के बारे मे बताया कि मैंने सत्ता के मोह मे दल बदल नही किया, इसलिए आज परेशान हो रहे है। मीडिया के लोग नौकरी के खातिर आज वही लिख रहा है जो अखबार के मालिक और प्रबंधक चाहते है। मीडिया साहसी होगा तो वह दल बदल नही करेगा। आज भी राजनीति जाति के आधार पर बट चुकी है। अतिथि स्वागत अजय भट्ट, बंशी लाल, नवनीत शुक्ला ने किया। अतिथियों को प्रतीक चिन्ह मीना राणा शाह, ताहिर कमाल सिद्दीकी, दीपक माहेश्वरी,बंसीलाल मतलानी, ने प्रदान किये। संचालन किया आलोक वाजपेयी ने। आभार माना संजीव श्रीवास्तव ने। शुक्ला ने। इस सत्र में श्रोताओ ने वक्ताओ से कई सवाल पूछे जिनके संतोषजनक जवाब दिये गए। इस सत्र में बड़ी संख्या मे पत्रकार उपस्थित थे।

## मातृशक्तियां देवी अहिल्या अवार्ड से होगी सम्मानित

**इंदौर।** माँ देवी अहिल्या की 300वीं शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में श्री गीता रामेश्वरम् ट्रस्ट के द्वारा इस वर्ष समाजसेवी और कलमकार मातृशक्तियों को देवी अहिल्या अवार्ड 2024 से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन रविवार, 23 जून 2024 को विद्यासागर स्कूल परिसर में प्रातः 10:30 बजे आयोजित किया जाएगा। आयोजन के मुख्य अतिथि संतश्री अण्णाजी महाराज रहेंगे। कार्यक्रम अध्यक्षता अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में अतिरिक्त कमिश्नर, इन्दौर संभाग की श्रीमती जमुना भिड़े पधारेंगी। उक्त जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल, चेतन चौधरी एवं समाजसेवी मदन परमालिया ने दी।

## सीएम हेल्प लाइन में बिजली कंपनी के सभी जिलों को ए ग्रेड

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के इंदौर सहित सभी 15 जिलों को सीएम हेल्प लाइन 181 पर दर्ज होने वाली शिकायतों के उचित एवं सर्वमान्य तरीके से निराकरण को लेकर मई की स्थिति में ए ग्रेड प्राप्त हुई है। शुक्रवार को जारी सूची में प्रदेश के अव्वल 15 जिलों में से आठ जिले पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी के हैं।

कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि सीएम हेल्प लाइन शिकायत निवारण को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य किया जा रहा है। इसके तहत कंपनी मुख्यालय, 2 रीजन, 15 जिले, 55 डिविजन, 434 जोन/वितरण केंद्रों पर सतत मानिटरिंग की होती है। जैसे ही 181 से संबंधित इलाके की शिकायत दर्ज होती है, इसके निराकरण के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया जाता है। प्रत्येक स्तर पर सतत मानिटरिंग होती है, ताकि पैंडिंग स्थिति न बने। श्री तोमर ने बताया कि इसी कारण पश्चिम क्षेत्र कंपनी और सभी जिले सतत ही ए ग्रेड में आ रहे है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि राज्य स्तर पर भी इस बार ऊर्जा विभाग अन्य विभागों की तुलना में सर्वश्रेष्ठ रहा है, इसमें पश्चिम क्षेत्र का काफी योगदान है।

### ‘Sसोशल-Mमीडिया’

**यहां सब ज्ञानी है**

## शादीशुदा पुरुषों की मांग बाजार में बहुत अधिक है

हेमा मालिनी की शादी एक शादीशुदा आदमी से हुई है
श्रीदेवी की शादी एक शादीशुदा आदमी से हुई है
रवीना टंडन की शादी एक शादीशुदा आदमी से हुई है
करिश्मा कपूर ने एक शादीशुदा आदमी से की शादी
करीना कपूर ने एक शादीशुदा आदमी से की शादी
जूही चावला की शादी एक शादीशुदा आदमी से हुई है
विद्या बालन की शादी एक शादीशुदा आदमी से हुई है
सोनम कपूर ने एक शादीशुदा आदमी से की शादी
लारा दत्त की शादी एक शादीशुदा आदमी से हुई है
शिल्पा सेठी की शादी एक शादीशुदा आदमी से हुई है
महिमा चौधरी की शादी एक शादीशुदा आदमी से हुई है
अमृता अरोड़ा की शादी एक शादीशुदा आदमी से हुई है
रानी मुखर्जी की शादी एक शादीशुदा आदमी से हुई है
सारिका की शादी एक शादीशुदा आदमी से हुई है
सबाना आजमी की शादी एक शादीशुदा आदमी से हुई है
संगीता बिजलानी की शादी एक शादीशुदा आदमी से हुई है

**सूची बहुत लंबी है।**
**शादीशुदा पुरुष सेकंड हैंड नहीं होते,**
**पुरुष भावनाओं से भरे होते हैं,**
**शादीशुदा पुरुषों की मांग बाजार में बहुत अधिक है।**

साभार- वाट्सएप यूनिवर्सिटी



## भंवरकुआं इलाके में रिमूवल टीम की कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नगर निगम की टीम ने दूसरे दिन भंवरकुआ क्षेत्र में अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई शुरू की है। मामला इलाके की प्रोफेसर कॉलोनी स्थित एक निजी जमीन के पास बसी बस्ती का है। यहां कई लोगों ने अवैध रूप से कब्जे किए थे और कई चेतावनी के बावजूद जाने को तैयार नहीं थे। शनिवार सुबह एसडीएम घनश्याम धनगर और एडिशनल डीसीपी आनंद यादव के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और हटाने की कार्रवाई शुरू की। बता दें कि इसी क्षेत्र में कुछ माह पहले रिमूवल की कार्रवाई के दौरान निगम के अमले से विवाद की घटना सामने आई थी। इसके बाद आज भारी पुलिस बल के साथ कार्रवाई की गई। यहां से करीब 20 झुग्गियां हटाई गई।

# सोशल मीडिया पर बहू को बता दिया लुटेरी दुल्हन

### अश्लील आईडी बनाकर फोटो वायरल किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लसूडिया में एक बहू ने अपने पति और सास के खिलाफ केस दर्ज कराया है। बहू ने आरोप लगाया कि उसे पति की पहली शादी की जानकारी ही नहीं दी। शराबी पति की सच्चाई सामने आई तो मुझे लुटेरी दुल्हन बता दिया। मुझे बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी से वीडियो वायरल करने लगे। परेशान बहू ने पति जितेंद्र और सास श्रीदेवी के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

पुलिस के मुताबिक पीड़ित बहू ने बताया कि टीकमगढ़ में जून 2022 में जितेंद्र से शादी हुई। तब यह नहीं बताया कि पति पहले से शादीशुदा है और तलाक भी नहीं लिया है। हमारी शादी के लिए सास श्रीदेवी ने बहुत जल्दबाजी की। पिता ने सगाई में सास को सोने का हार, देवर को सोने की चेन और पति जितेंद्र को सोने की चेन, अंगूठी के साथ 10 लाख रुपए दिए। इतना ही नहीं शादी के समय पिता ने गृहस्थी का पूरा सामान, होटल व शादी का खर्च भी कर्ज लेकर उठाया। शादी होते ही सास ने कम दहेज को लेकर ताने मारना शुरू कर दिए। शादी के बाद ससुराल पहुंची। यहां पर मुंह दिखाई का प्रोग्राम चल रहा था। इस दौरान सास ने ताना मारा कि हमें ऐसी बहू मिली जो ठीक से दहेज नही लाई और सूरत भी अच्छी नही है। यह सब बाते सुनकर आश्चर्य हुआ कारण सास ने जो भी माता पिता से मांगा वह सब दिया गया। पहली बार ससुराल से मायके गई और वहां से लौटी तो पति ने अपना असली रंग दिखाया। मुझे पता चला कि वे गांजा और शराब पीते हैं। पति जितेंद्र को यह बात बताई तो उन्होंने हाथ-पैर बांधकर मारपीट की, मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। कई बार ऐसा होने पर सास को बताई तो उन्होंने भी पति का पक्ष लिया कहा, पति है वो कर सकता है। इतना ही नहीं जितेंद्र ने एक दिन कार खरीदने के लिए पांच लाख रुपए भी मांगे। पीड़ित बहू ने पुलिस को बताया कि 25 जून 2023 को जितेंद्र नशे में घर आया और अश्लील हरकतें करने लगा। वह बचकर वहां से भागी और पिता को फोन कर टीकमगढ़ पहुंची। इसके बाद पति और सास ने थाने में शिकायत कर दी कि घर से गहने ओर नकदी लेकर भागी हूं। इसके बाद जितेंद्र 10 अगस्त 2023 को टीकमगढ़ आया। उसने घर के बाहर पिता और हमें गालियां दी और विवाद करके चला गया। इसके बाद 18 अक्टूबर 2023 को इंदौर आकर लसूडिया थाने में आवेदन दिया। बहू ने पुलिस को बताया कि सास और पति ने मेरे नाम से फर्जी आईडी बनाकर फोटो लगाया और रिश्तेदारों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। उन्होंने मेरे फोटो एडिट करके अश्लील बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल किया। इसके चलते कई अनजान नंबरों से उसके पास अश्लील कॉल और मैसेज आने लगा। पीड़ित बहू ने सायबर सेल से भी मामले की शिकायत की है। पुलिस का कहना है कि बहू की शिकायतें गंभीर हैं। इसके चलते पति जितेंद्र और सास श्रीदेवी पर केस दर्ज किया गया है। जल्द ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अंततः इंदौर जिले के प्राथमिक शिक्षकों की क्रमोन्नति सूची जारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गौरतलब हो की शासकीय शिक्षकों को 12 वर्ष एवं 24 वर्ष के पश्चात क्रमोन्नति करके, सरकार द्वारा समकालीन व्यवस्था के अनुसार नए वेतनमान दिए जाते हैं। इसी तारतम्य में इंदौर जिले के 526 प्राथमिक शिक्षिकाएं एवं शिक्षक लाभान्वित हुए ।परंतु कुछ लाभार्थी शेष रह गए हैं उनकी अंतिम सूची कुछ दिन की प्रतीक्षा के बाद जारी हो जाएगी, ऐसा आश्वासन जिला शिक्षा अधिकारी इंदौर श्री मंगलेश व्यास जी ने दी । म प्र शासकीय शिक्षक संगठन इंदौर के संरक्षक हरीश बोयत और अशोक मालवीय आनंद हडिया पवन मोहनिया श्री अरुण कुमार पांडे लंबे समय से प्रयासरत थे। लेकिन सही दिशा निर्देश न मिल पाने के कारण क्रमोन्नति के मार्ग में बाधाए आ रही थी। आज आदेश जारी होने से शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। संगठन के सभी साथियों ने जिला शिक्षा अधिकारी का सम्मान किया व इस कार्य हेतु बधाई दी। इस अवसर पर मनोहर परमार, प्रशांत शास्त्री, संदीप धौलपुरे, सुनील गौड़, संजय निगम, राजेश अंबानी, अवस्थी मैडम आदि साथीयो ने सराहनीय उपस्थित दी।

## तेंदुए के हमले से गाय की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महू वन रेंज के जंगल से सटे गांव कालाकुंड में शुक्रवार रात 8.30 बजे जंगल से निकल कर तेंदुए ने एक गाय का शिकार कर लिया। तेंदुए ने घर में बंधी गाय पर हमला किया, इस दौरान आवाज सुनकर जब ग्रामीण बाहर निकले तो तेंदुए ने गाय की गर्दन पकड़ ली थी। जब ग्रामीणों ने शोर मचाया तो तेंदुआ वहां से भाग निकला। घटना के बाद से ही ग्रामीणों में दहशत है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात को ग्राम कालाकुंड में किसान बलराम ने अपने घर के पास ही तबेले में गाय को बांधकर घर के अंदर चले गया था। थोड़ी देर बाद ही गाय चिल्लाने लगी। इसके बाद उसने जब तबले में जाकर देखा तो तेंदुआ गाय की गर्दन पकड़ा हुआ था। ग्रामीणों को बुलाकर बलराम ने तेंदुए को भगाया, तब तक गाय की मौत हो चुकी थी। तेंदुए की दहशत से ग्रामीणों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए।

## सगाई तुड़वाने युवती के फोटो मंगेतर को भेजे, युवक पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आरोपी युवक ने पीड़िता की सगाई तुड़वाने के लिए उसके मंगेतर को फोटो-वीडियो भेज दिए। साथ ही पीड़िता के बारे में झूठे आरोप लगाए। परेशान पीड़िता थाना पहुंची और आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज करवाया। आरोपी युवक देवास जिले का रहने वाला है। कनाडिया थाना पुलिस के मुताबिक 26 वर्षीय युवती की शिकायत पर आरोपी अल्केश पाटीदार निवासी ग्राम मुकुंदगढ़ तहसील बागली जिला देवास के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी अल्केश पाटीदार के द्वारा पीड़िता के साथ खींची गई फोटो को पीड़िता के होने वाले पति के मोबाइल पर भेज उसे बदनाम करने की कोशिश की गई। आरोपी ने सगाई तुड़वाने की नियत से फोटो भेज मंगेतर को उसके बारे में झूठी जानकारी दी। आरोपी पहले भी इस प्रकार की हरकत कर चुका है। जिससे पीड़िता मानसिक रूप से परेशान है। पीड़िता को बदनाम करने की नियत से आरोपी ने फोटो भेजे। मामले में केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए छात्रों को किया अवेयर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर में लगातार अपराध बढ़ रहे है, छोटे-छोटे बच्चें अपराधिक मामलों में घिरते नजर आ रहे है, इन सबका मुख्य कारण है शहर का बिगड़ता माहौल...यह माहौल बाहर से आ रहे अन्य छात्र बिगाड़ रहे है। वे बाहर के कल्चर के अनुसार शहर के छात्रों को अपने साथ पब क्लब ले जाते है। शहर में पब से ज्यादा मंदिर है, यदि हमारे बच्चें सुकून पाने के लिए पब के बजाएं मंदिर जाएं तो शहर में बढ़ते अपराधों पर रोकथाम के साथ-साथ डिप्रेशन जैसा बिमारी भी खत्म हो जाएगी, और बच्चा आत्मघाती कदम नहीं उठाएंगा और शहर व देश की रक्षा करने व नाम ऊंचा करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगा। यह कहना है शहर की सोशल वर्कर जिनी सोशल वेलफेयर सोसायटी एनजीओ की प्रेसिडेंट जिनी देवलिया का। जिनी ने कहा कि यदि अपने अन्य दोस्तों के साथ आप पब जाते है, तो पहले अपने पेरेंट्स और अपने दोस्तों के पेरेंट्स को सूचित करें, ताकि आप अपराधों से बच सके। शहर के अत्रीदेवी हाई सेकेण्ड्री स्कूल में प्रवेश उत्सव का । जहां शहर के जाने-माने मोटिवेशनल स्पीकर बच्चों के बीच पहुंचे और उन्हें अनुशासन, कैरियर प्रेरणा, शहर



में बढ़ते अपराधों पर रोकथाम, डिप्रेशन को दूर भगाने जैसे विषयों पर समझाया और उनसे प्रश्न कर उनके मन के विचार भी जाने। इस बीच जिनी देवलिया ने बच्चों को कैरियर के लिए गाइडेंस किया और बच्चों ने उन्हें बड़े ध्यान से सुना और समझा। जिनी ने एक किस्सा शेयर करते हुए बताया कि आजकल बच्चें अपनी मन की बाते किसी से भी शेयर नहीं कर पाते है। जिस कारण वो डिप्रेशन जैसी बिमारी से घिर रहे है। जिनी ने बच्चों को समझाया कि अपनी हर परेशानी भगवान से शेयर करेंगे तो वो आपको सही मार्ग भी दिखाएंगे और आपके जीवन में आई हर चुनौतियों से लड़ने की ताकद भी देंगे। जिनी ने बच्चों से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ एक एक्टीविटी जरूर करें। इससे आपको कैरियर में बहुत मदद मिलेंगी। मेहनत करें, कठिनाईयां आने पर कुछ कदम पीछे लेकर एक बड़ी छलांग लगाओं जैसे शेर नदी पार करने के लिए करता है। निडर बन मेहनत करें, अपनी मन की बातें माता-पिता से शेयर करें, यदि उनके पास समय नहीं है तो स्कूल में अपने शिक्षकों को बताएं, और आप मुझसे भी अपनी मन की बाते शेयर कर सकते है। शहर में फैल रही गंदगी से दूर रहकर सुरक्षित रहें और अपना भविष्य उज्वल बनाएं। जिनी ने अपनी जीवन की यात्रा के बारें में छात्रों को एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि जिंदगी एक परीक्षा है, जिसमें गुरू समान शिक्षक के बिना हम कुछ नहीं कर सकते है।

# मंत्रियों के लिए आएंगीं 25 नई चमचमाती गाड़ियां

## ❑ इसी माह सरकार के बेड़े में शामिल होंगी नई इनोवा क्रिस्टा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मोहन यादव सरकार के मंत्रियों के लिए 25 नई चमचमाती गाड़ियां इसी माह के अंत तक भोपाल आ जाएंगी। मंत्रियों के लिए नई गाड़ियों की खरीदी जैम पोर्टल के माध्यम से की जा रही है जिसकी डिलिवरी के लिए अगस्त की डेट मिली है पर मंत्री इसी माह गाड़ियों की डिमांड कर रहे हैं जिसके चलते सरकार ने जून अंत तक कम्पनी को नई गाड़ियां उपलब्ध कराने के लिए लिखा है। इसके पहले पांच मंत्रियों को नई गाड़ियां पहले ही मिल चुकी हैं। राज्य सरकार मंत्रियों को इनोवा क्रिस्टा गाड़ी उपलब्ध कराती है जो लंबी दूरी के सफर के लिए आरामदायक मानी जाती है। स्टेट गैराज के अधीक्षक के अधीक्षक आदित्य रिछारिया के अनुसार जून अंत तक गाड़ियों की डिलिवरी मिलने की उम्मीद है।



### पांच करोड़ में आएंगी

मोहन सरकार के मंत्रियों के लिए जो गाड़ियां खरीदी जा रही हैं उनकी कुल कीमत पांच करोड़ रुपए है। एक गाड़ी की औसत कीमत बीस लाख रुपए के करीब बताई जा रही है जो 25 मंत्रियों के लिए पांच करोड़ के आंकडे तक पहुंच जएगी।

### छह जून से मिली हैं मंत्रियों को गाड़ियां

लोकसभा चुनाव आचार संहिता के दौरान आपात जनसेवा की परिस्थितियों को छोड़ चुनाव आयोग ने बाकी परिस्थितियों में मंत्रियों के सरकारी वाहन के उपयोग पर रोक लग रखी थी। अब आचार संहिता खत्म होने के बाद 6 जून को इसके लिए आर्डर जारी किए गए हैं जिसके बाद मंत्री सरकारी वाहन से सफर कर रहे हैं।

**तांत्रिक ने कहा था-पैसों की बारिश होगी**

# मंडला में युवक को फंदे पर लटकाकर मारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंडला। मंडला में तांत्रिक क्रिया के लिए युवक के गले में फंदा लगाकर बिजली के पोल पर लटका दिया। इसके बाद शव को पत्थरों से बांधकर नदी में फेंक दिया। पुलिस ने तांत्रिक सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बताया कि फांसी की रस्सी के लिए हत्या को अंजाम दिया।**

एएसपी डॉ. अमित वर्मा ने बताया, 15 जून को नेवरगांव में युवक का शव मिला था। उसकी पहचान राहुल भांवरे (32) के रूप में हुई थी। परिजन ने बताया था कि राहुल 12 जून की रात को घर से निकला था। उसने थोड़ी देर में वापस आने की बात कही थी। तभी से लापता था। शव मिलने के बाद एसडीओपी के नेतृत्व में टीम गठित कर मामले की जांच की गई थी। जांच में मिले सुराग और मुखबिर की सूचना पर 15 जून को ग्राम कौरगांव के रहने वाले दादी उर्फ सुखचेन यादव (23) को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। वह टूट गया और पूरी बात बता दी। पुलिस ने तीन आरोपियों को 16 जून को गिरफ्तार किया। आरोपी तांत्रिक को 18 जून को पकड़ा। इसके बाद 20 जून की रात को मामले का खुलासा किया।

**पैसों की बारिश के लिए फांसी की रस्सी की जरूरत थी-** एएसपी डॉ. अमित वर्मा ने बताया, 12 जून को सुखचेन और उसके साथियों को ऐसी रस्सी की जरूरत थी, जिससे फांसी लगाई हो। इस रस्सी



से वे तंत्र क्रिया कर पैसों की बारिश कराना चाहते थे। सुखचेन यादव ने सोनू उर्फ निशांत कछवाहा, प्रशांत कछवाहा और नितेश कछवाहा के साथ मिलकर फांसी की रस्सी हासिल करने का प्लान बनाया। सुखचेन अपने मोहल्ले से राहुल भांवरे को शराब पिलाने का कहकर तीन साथियों के साथ ऑटो में बहेलियाटोला ले गया। यहां चारों ने राहुल को जमकर शराब पिलाई।

**पहले शराब पिलाई, फिर फांसी पर लटका दिया-** राहुल को नशा चढ़ने के बाद आरोपियों ने उसे फंदे से बिजली के पोल पर लटका दिया। जब उन्हें लगा कि वह जिंदा है तो सोनू कछवाहा ने पत्थर से सिर में वार किया। शव ऑटो में रखकर बंजर पुल पर ले गए। यहां बोरी में पत्थर भरकर शव की पीठ पर बांध दिया और पुल से नदी में फेंक दिया। अगले दिन 13 जून की सुबह बिछिया से तांत्रिक दिलीप नामदेव को बुलाया। आरोपियों ने उसे फांसी की रस्सी देकर तंत्र क्रिया कराई। जब पैसों की बारिश नहीं हुई तो तांत्रिक ने कहा कि रस्सी खराब है। दूसरी लेकर आओ।

# कुएं में डूबने से 2 की मौत, 3 को बचाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। कायथा थानान्तर्गत ग्राम सांकरी में कुए में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है,जबकि उन्हें बचाने के लिए कुए में कूदे 3 लोग डूबने लगे थे,जिन्हें होमगार्ड और पुलिसकर्मियों ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला। इस दौरान आरक्षक भी घायल हो गया। घायलों को तराना अस्पताल में भर्ती किया गया है, वही मृतकों का पीएम कर शव परिजनों को सुपुर्द किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कायथा थानान्तर्गत ग्राम सांकरी में गुरूवार की रात्रि में कुए की मुंडेर पर शराब पीते हुए जीवनसिंह पिता रणजीतसिंह आयु 30 वर्ष और भंवरसिंह राजपूत उसमें गिर गए। उन्हें बचाने के लिए राजाराम पिता जगन्नाथ आयु 50 वर्ष और होकमसिंह पिता रामसिंह बागरी आयु 24 वर्ष निवासी बेलरी व अरूण पिता इंदरलाल बागरी आयु 22 वर्ष निवासी आनंदखेडी भी कुए में कूद गए। कुआँ गहरा और पानी ज्यादा होने से वह भी डूबने लगे। सूचना मिलने के बाद एसडीएम,एसडीओपी और कायथा टीआई मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से कुएं में डूब रहे पाँचों युवकों को बाहर निकाला,जिसमें जीवनसिंह और भंवरसिंह की मौत हो गई। रेस्क्यू के दौरान सैनिक आनंदीलाल भी कुएं में गिरने से घायल हो गया। पुलिस ने मृतकों का शुक्रवार को पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिए गए।

# पंचायत ने इंदिरा गांधी की प्रतिमा हटाई, कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खंडवा। खंडवा जिले के कालमुखी गांव में इंदिरा गांधी की प्रतिमा को तोड़ दिया गया है। ग्राम पंचायत के इस फैसले ने तूल पकड़ लिया है। कांग्रेस ने आंदोलन की चेतावनी दी है। शनिवार को गांव जाकर कांग्रेस विरोध प्रदर्शन करेगी। उधर, सरपंच का कहना है कि 40 साल पुरानी इंदिरा जी की प्रतिमा रास्ते में बाधक हो गई थी। हटाने से पहले पूरे गांव से सहमति ली है। प्रतिमा को सम्मान के साथ ग्राम पंचायत भवन में रखा है। स्टैच्यू के लिए जल्द ही नया स्थान दिया जाएगा। दरअसल, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और विधानसभा प्रत्याशी कुंदन मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में जेसीबी मशीन से देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा को तोड़ा जा रहा था। मालवीय ने कहा कि इंदिरा जी की प्रतिमा को तोड़ा जाना निंदनीय कृत्य है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया है। शनिवार को मौके पर जाकर विरोध दर्ज कराएंगे। जिम्मेदारों के खिलाफ थाना धनगांव पुलिस से एफआईआर की मांग करेंगे। गौरतलब है कि, कालमुखी सरपंच के पति भाजपा के मंडल अध्यक्ष हैं।

### सरपंच ने कहा- मौके पर सड़क का चौड़ीकरण होना है

कालमुखी सरपंच मनीषा पति गोविंद वर्मा का कहना है कि, हम लोग इंदिरा जी का अपमान क्यों करेंगे। गांव में उनकी प्रतिमा 40 साल से लगी थी। वहां लगाने का औचित्य सिर्फ ग्राम पंचायत भवन का होना है। जहां अब पीब्ल्यूडी टू लेन सीसी सड़क बना रहा है। ग्राम पंचायत और प्रतिमा दोनों अतिक्रमण में हैं। इंदिरा जी की प्रतिमा को ग्राम पंचायत में सम्मान के साथ रखा गया हैं।

# युवक की सिर में गोली मारकर हत्या

## एक साल पहले मकान बेचकर शिफ्ट हुआ था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर। ग्वालियर में गुरुवार-शुक्रवार की रात एक युवक के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। शव सुबह माधौगंज थाना क्षेत्र के पान पत्ते की गोठ में हनुमान मंदिर के पीछे मिला। करीब 6 बजे मंदिर में पूजा करने पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान मन्नत उर्फ भानु छारी (25) निवासी गुढा के रूप में हुई है। फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि युवक की हत्या किसने और क्यों की? सीएसपी आयुष गुप्ता ने कहा, हत्यामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि मन्नत करीब एक साल पहले तक पान पत्ते की गोठ में ही रहता था। इसके बाद वह अपना मकान बेचकर मां और दो भाइयों के साथ गुढा के बारह बीघा इलाके में रहने चला गया था। दो-तीन दिन में यहां का चक्कर लगाता रहता था। पुलिस अब पता लग रही है कि मन्नत वहां कब और किससे मिलने आया था? फिलहाल, दोस्तों और परिजन से पूछताछ कर सुराग तलाशे जा रहे हैं। परिजन का कहना है कि मन्नत प्राइवेट नौकरी करता था। डेढ़ महीने पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी। मकान बेचने से मिले पैसे से ही उसका गुजारा चल रहा था।

# 8 माह पहले की थी चोरी, अब पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

रतलाम। रतलाम में पुलिस चेकिंग के दौरान 19 जून की रात एक संदिग्ध को पकड़ा। पूछताछ की तो पता चला कि संदिग्ध ने 8 माह पहले रतलाम के महिंद्रा शोरुम से लाखों रुपए की चोरी की थी। स्टेशन रोड थाना प्रभारी दिनेश कुमार भोजक व सालाखेड़ी चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर मुकेश यादव द्वारा अपनी टीम के साथ रात्रि गश्त की जा रही है। बुधवार रात बजरंग नगर चौराहे के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकडा। जिसने अपना नाम रशीद खान मेव (43) पिता साबीर खान मेव निवासी नयापुरा रतलाम का होना बताया। आरोपी रशीद ने 24 अक्टूबर 23 की रात मे महिन्द्रा ट्रेक्टर शोरुम सालाखेडी रतलाम से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी रशीद के घर मे से चोरी किए गए रूपयो मे से दो लाख रुपए नगद, दो एन्ड्रायड मोबाईल फोन कीमत करीब 40 हजार रुपए एवं स्टीमेट बुक एक पाना जप्त किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पूर्व में धारा 457, 380 भादवि में केस दर्ज रखा है। आरोपी रशीद के खिलाफ थाना माणकचौक में जुआ व सट्टा एक्ट में तीन व थाना औद्योगिक क्षेत्र में एक केस दर्ज है।

# युवती को पीटा, घसीटा, वीडियो वायरल

## शिकायत का इंतजार कर रही पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खंडवा। खंडवा में एक युवती के साथ मारपीट का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। 3 दोस्तों के साथ आया एक युवक उसे बेरहमी से पीटता और घसीटता नजर आया है। घटना बुधवार देर रात 10 बजकर 37 मिनट पर रामेश्वर रोड़ बडाबम क्षेत्र की बताई जा रही है। हालांकि युवती या उसके परिजन ने पुलिस से शिकायत नहीं की है। पुलिस भी युवक-युवती की पहचान और शिकायत के बाद ही एक्शन लेने की बात कह रही हैं।

पूरा घटनाक्रम रामेश्वर रोड पर केनरा बैंक के आगे एक बेकरी के पास का हैं। देर रात थी लेकिन मुख्य मार्ग होने से लोगों की आवाजाही थी। दो मिनट के इस वीडियों में एक युवती भागकर आती है और एक दुकान की सीढ़ियों पर बैठ जाती है। उसका पीछाकर एक युवक आता है और मारपीट करने लग जाता है। पीठ पर मुक्के मारने के बाद वह थप्पड़ भी बरसाता है। इतने में युवक के दो अन्य साथी आते है। एक अपने हाथ में पाइप लिए होता है। तीनों मिलकर युवती को बर्बरता पूर्वक घसीटते है। इस दौरान युवती किसी से फोन पर बात करती हैं।

मामले में सीएसपी अरविंदसिंह तोमर का कहना है कि वीडियो मेरे संज्ञान में आया है। लेकिन ये कब और कहां का है, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वे कौन लोग है, इस बारे में पता लगाया जा रहा है। पुलिस के पास किसी प्रकार की शिकायत भी नहीं आई हैं। इधर, बताते है कि युवती चंपा तालाब क्षेत्र की है। मारपीट करने वाले युवक परदेशीपुरा क्षेत्र से हैं। घटना को लेकर हिंदू संगठन आक्रोशित हैं। वे पुलिस से शिकायत को लेकर युवती के परिजन से चर्चा कर रहे हैं।

## संपादकीय

# यह ऊर्जा कब तक बरकरार रहेगी कोई नहीं जानता

उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से राहुल गांधी की जीत के बाद यूपी में पार्टी के लिये नई संभावनाएं तलाश रहा कांग्रेस आलाकमान और गांधी परिवार एक बार फिर प्रदेश में विस्तार के लिये कमजोर हो चुके संगठन को नए सिरे से खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। राहुल गांधी ने भले ही समाजवादी पार्टी के वोट बैंक के सहारे रायबरेली से जीत हासिल की हो, लेकिन वह अपनी जीत को इस तरह से प्रचारित कर रहे हैं जैसे यूपी की जनता कांग्रेस को फिर से बीजेपी के विकल्प के रूप में देखने लगी है। राहुल गांधी ने केरल की वायनाड सीट से त्यागपत्र देकर रायबरेली सीट का संसद में प्रतिनिधित्व करने का निर्णय कर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है, अब यह ऊर्जा कब तक बरकरार रहेगी कोई नहीं जानता है। इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर चुनाव लड़ रही कांग्रेस को यूपी में 06 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई थी। यूपी को लेकर राहुल गांधी की चपलता को आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है। साढ़े तीन दशक से उत्तर प्रदेश में अपनी खोए जनाधार को तलाश रही कांग्रेस को अबकी लोकसभा चुनाव के नतीजों से नई उम्मीद जागी है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की निगाह अब उत्तर प्रदेश पर सबसे अधिक है। बीजेपी ने आम चुनाव में काफी खराब प्रदर्शन किया था, इससे भी कांग्रेस में खुशी का माहौल है। बहरहाल, यह एक पहलू है। दूसरा पहलू यह है कि समाजवादी पार्टी ने यूपी में कांग्रेस को वह सब कुछ दे दिया है जिसकी उसे वर्षो से दरकार थी, लेकिन अब अखिलेश इसकी कीमत वसूलना चाहते हैं। अखिलेश भी कांग्रेस से इस बात की अपेक्षा कर रहे हैं कि वह भी यूपी में बाहर उन राज्यों में उसको हिस्सेदारी दे जहां जल्द विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को उसका हिस्सा नहीं दिया तो सपा प्रमुख अपनी साइकिल से कांग्रेस को उतारने में देरी नहीं करेंगे। सपा के सूत्र कह रहे हैं कि आम चुनाव के बाद यूपी में विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस-सपा का गठबंधन महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव पर निर्भर करेगा। अगर कांग्रेस इन दो राज्यों में सपा को सीट देने के लिए तैयार हुई, तभी सपा यूपी विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के किसी दावे पर विचार करेगी। यूपी में शीघ्र ही विधानसभा की 10 रिक्त सीटों पर चुनाव होने हैं। इनमें से एक सीट सीसामऊ (कानपुर) से सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा होने से रिक्त हुई है, जबकि नौ विधानसभा सदस्य अब लोकसभा सांसद बन चुके हैं। सपा के चार विधायकों अखिलेश यादव, अवधेश प्रसाद, लालजी वर्मा और जियाउर रहमान बर्क की सीटें उनके लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद रिक्त हो गई हैं। अखिलेश वर्ष 2019 का विधानसभा चुनाव करहल, अवधेश प्रसाद मिल्कीपुर, लालजी वर्मा कटेहरी और जियाउर रहमान कुंदरकी से जीते थे। खैर से भाजपा विधायक अनूप प्रधान वाल्मीकि, गाजियाबाद से अतुल गर्ग और फूलपुर से भाजपा विधायक प्रवीण पटेल के भी लोकसभा सदस्य चुने जाने से अब यह स्थान खाली हो गए हैं। मझवा (मिर्जापुर) से निषाद पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिंद और मीरापुर से रालोद के विधायक चंदन चौहान भी अब सांसद हो गए हैं। इस तरह से शीघ्र ही चुनाव आयोग इन 10 रिक्त सीटों पर चुनाव कराएगा। कांग्रेस इंडिया गठबंधन के तहत सपा से विधानसभा उपचुनाव में भी साझेदारी चाह रही है।




**शेखचिल्ली** की एक अमीर आदमी के यहां नौकरी लग गई। उस सेठ ने उसे अपने ऊंट चराने का काम सौंपा। शेखचिल्ली हर रोज ऊंटों को चराने के लिए जंगल ले जाता और शाम को उन्हें चरा कर वापस घर ले आता। एक दिन जब शेखचिल्ली ऊंटों को चराने के लिए जंगल गया, तो वो उन्हें चरता छोड़ खुद पेड़ के नीचे सो गया। इस बीच कोई ऊंटों को रस्सी पकड़ कर ले गया। जब शेखचिल्ली जागा और ऊंटों को वहां से गायब पाया, तो वो घबरा गया।

शेखचिल्ली ने वहीं प्रतिज्ञा ली कि वह सेठ के घर अब तब जाएगा, जब वो सारे ऊंटों को ढूंढ कर वापस ले आएगा। ऊंटों की तलाश में शेखचिल्ली जंगल में इधर-उधर घूमने लगा। उसे ऊंटों के नाम तक याद नहीं थे। इतने में उसे सेठ के गांव के कुछ लोग सामने से आते हुए दिखाई दिए। शेखचिल्ली ने उन्हें ऊंटों की लीद दिखाते हुए कहा कि जिनके हम नौकर हैं, उनसे कह देना कि जिनकी यह लीद है वे जाते रहे।

शेखचिल्ली मूर्ख था और ये बात तो सब जानते हैं कि मुर्खों को गुस्सा बहुत जल्दी आता है। एक दिन की बात है जब शेखचिल्ली रास्ते में जा रहा था तो लड़कों ने उसे तंग करना शुरू कर दिया। एक लड़का कहता महामूर्ख तो दूसरे लड़के कहते जिंदाबाद। लड़के ये कहने के बाद घरों में छिप जाते और शेखचिल्ली अपना गुस्सा पी कर रह जाता।

एक दिन की बात है शेखचिल्ली के हाथ एक छोटा सा बच्चा चढ़ गया। फिर क्या था, गुस्साए शेखचिल्ली ने लड़के को कुएं में फेंक दिया और घर आकर अपनी बीवी को ये बात बता दी। शेखचिल्ली की बीवी ने रात को शेखचिल्ली के सोने के बाद जाकर उस छोटे लड़के को कुएं से बाहर निकाला। बाहर सर्दी बहुत थी और पानी में रहने से लड़के का बुरा हाल था। शेखचिल्ली की बीवी उस लड़के को अपने भाई के पास ले गई और सारा बात बताई।

शेखचिल्ली के साले ने अपनी बहन से कहा कि आपकी बात तो ठीक है, लेकिन जब इस बच्चे के मां-बाप इसे ढूंढते हुए आएंगे तो फिर क्या करेंगे?

शेखचिल्ली की बीवी ने कहा कि देखो भाई अगर हम इस बच्चे को ऐसी हालत में इसके मां-बाप को सौंपेंगे तो बिना मतलब का हंगामा होगा और बात और बढ़ जाएगी। इसलिए बच्चे को थोड़ा आराम मिलने तक इसे तुम अपने पास रखो। अगर इसके मां-बाप इसे ढूंढते हुए आएंगे तो उनको मैं समझा लूंगी।

इसके बाद शेखचिल्ली की बीवी अपने घर वापस आ गई और एक बकरी के बच्चे को कुएं में फेंक आई, जिस कुएं में शेखचिल्ली ने उस छोटे बच्चे को फेंका था।

अगले दिन सुबह के समय जब उस छोटे लड़के के माता-पिता उसकी खोज में शेखचिल्ली के घर की तरफ आए तो उस वक्त शेखचिल्ली अपने घर की गली में टहल रहा था। छोटे बच्चे के पिता ने शेखचिल्ली से पूछा कि क्या उसने उनके बेटे को देखा है?

शेखचिल्ली ने उत्तर दिया, ''हां, उस छोटे से पाजी ने कल मेरा मजाक उड़ाया था और मैंने उसे सामने वाले कुएं में फेंक दिया है।''

छोटे बच्चे के माता-पिता भागते हुए उस कुएं के पास पहुंचे और गांव के एक आदमी को जल्दी से कुएं में उतारा। उस आदमी ने कुएं के अंदर से आवाज दी कि जनाब यहां कोई लड़का-वड़का तो है नहीं, हां एक बकरी का बच्चा जरूर है। यह कहकर उसने बकरी के बच्चे को रस्सी से बांधकर ऊपर भेजा। बच्चा वहां न मिलने पर उसके माता-पिता बहुत परेशान हो गए और शहर के दूसरे हिस्सों में उसकी तलाश करने लगे। इस बीच बच्चा जब थोड़ा ठीक हुआ तो शेखचिल्ली के साले ने उसे उसके घर छोड़ दिया।

यह सब होने के कई हफ्तों तक बेचारा शेखचिल्ली इस बात को लेकर परेशान रहा कि उसने फेंका तो कुएं में इंसानी बच्चे को ही था, फिर वो बकरी का बच्चा कैसे बन गया।

इस बात को हुए काफी अरसा बीत गया और शेखचिल्ली को एक और अमीर आदमी के यहां नौकरी मिल गई। शेखचिल्ली वहां देखभाल का काम किया करता था। एक दिन जब वो और उसका मालिक गाड़ी पर सवार होकर बाजार जा रहे थे तो शेखचिल्ली मालिक के साथ गाड़ी में पीछे बैठा हुआ था। गाड़ी चलते वक्त तेज हवा से शेखचिल्ली के मालिक का रेशमी रुमाल हवा में गिर गया। मालिक को रूमाल गिरते वक्त उसका पता नहीं चला, लेकिन शेखचिल्ली ने यह देख लिया।

शेखचिल्ली ने रुमाल को गिरते हुए तो देखा, लेकिन ना ही उसे उठाया और न ही उसने इस बात के बारे में मालिक को बताया। इत्तफाक से मालिक रास्ते में एक दुकान के पास जाकर रुका और जब उसे रूमाल की जरूरत पड़ी तो वह अपनी जेब टटोलने लगा। जब उसे रूमाल कहीं न मिला तो उसने इसके बारे में शेखचिल्ली से पूछा। तब शेखचिल्ली ने उत्तर दिया कि सरकार आपका रुमाल तो बाजार के पास ही गिर गया था।

इस पर मालिक ने शेखचिल्ली को डांट लगाते हुए कहा कि बेवकूफ हो तुम, तुमने उसे उठाया क्यों नहीं। शेखचिल्ली ने हाथ जोड़कर उत्तर देते हुए कहा, सरकार हुक्म ही नहीं था आपका। मालिक ने गुस्सा होते हुए शेखचिल्ली को कहा कि इस बात का ध्यान रखो कि कोई भी चीज हमारी गाड़ी से या हमारी हो वो नीचे गिरे तो उसे फौरन उठा लिया करो।

शेखचिल्ली ने मालिक के इस फरमान को जहन में बिठा लिया और उनसे कहा कि वो इस बात का पूरा ध्यान रखेगा और आइंदा से इस तरह की शिकायत का आपको कोई मौका नहीं मिलेगा।

दूसरे दिन जब शेखचिल्ली और उसका मालिक सैर के लिए गए तो उसके मालिक के घोड़े ने रास्ते में लीद कर दी। शेखचिल्ली ने फौरन अपने घोड़े से उतर कर लीद को कपड़े में बांध लिया और अपने पास रख लिया। जब शेखचिल्ली और उसका मालिक घर पहुंचे तो एक मेहमान उनके घर आए।

मालिक और उनके मेहमान आपस में बात कर ही रहे थे, तभी शेखचिल्ली ने अपनी ईमानदारी का सबूत देने के लिए वही कपड़े में बंधी हुई लीद मालिक के सामने पेश कर दी। जब शेखचिल्ली मालिक को कपड़ा दे रहा था तो उसने बड़े अदब से कहा कि मालिक आपकी आज्ञा से घोड़े से गिरी हुई चीज को मैं उठा लाया हूं।

शेखचिल्ली ने मालिक के उस मेहमान के सामने जब मेज पर रखकर उस कपड़े को खोला तो मेहमान जोर-जोर से हंसने लगा। मालिक ने जब घोड़े की लीद को मेज पर देखा तो वो बड़े गुस्सा हुए। शेखचिल्ली ने मौके की नजाकत को समझते हुए अपने कदम चुपचाप पीछे खींच लिए।

इस वाकये के बाद एक दिन शेखचिल्ली अपने मालिक को घोड़े को पानी पिलाने नदी पर ले गया। जब शेखचिल्ली घोड़े को पानी पिलाने लगा तो उसने देखा कि वहां पानी कम और कीचड़ ज्यादा है, क्यों न घोड़े को थोड़ा और आगे ले जाकर पानी पिलाया जाए।

शेखचिल्ली घोड़े को आगे ले गया। वहां पानी का बहाव तेज था और गहराई भी अधिक थी। शेखचिल्ली उसी जगह घोड़े को पानी पिलाने लगा। नदी में पानी गहरा था तो शेखचिल्ली ने घोड़े की रस्सी छोड़ दी और उसे आगे कर दिया। पानी का बहाव तेज होने से शेखचिल्ली घबरा गया और वो किनारे की तरफ भाग आया यह सोच कर कि घोड़ा भी वापस उसकी तरफ ही आ जाएगा, लेकिन पानी के तेज बहाव से घोड़ा उसमें बह गया।

शेखचिल्ली ने घोड़े को नदी में बहता देख शोर मचाया कि घोड़ा भाग गया घोड़ा भाग गया। इसी तरह चिल्लाते हुए शेखचिल्ली अपने मालिक के पास पहुंचा। हांफते हुए शेखचिल्ली ने मालिक को सारा हाल बताया। मालिक ने उसकी बात का विश्वास करते हुए अपनी तलवार उठाई और शेखचिल्ली के साथ नदी पर चल दिया।

मालिक ने सोचा कि वो उसका अपना घोड़ा है और वो नदी के पास ही कहीं पर होगा। जब शेखचिल्ली और उसका मालिक नदी पर पहुंचे तो उसने अपने मालिक से कहा कि आपको यह तलवार संभालने कि क्या जरूरत लाइए इसे मैं पकड़ लेता हूं। आपको यूं ही बेकार में कष्ट होगा। वैसे भी नदी पर हम पहुंचने ही वाले हैं। इस पर मालिक ने अपनी तलवार शेखचिल्ली को दे दी।

जब वे लोग नदी के किनारे पर पहुंचे तो शेखचिल्ली ने मालिक को एक ओर रूख करके बताया, जिधर गहरे पानी में घोड़ा बह गया था। शेखचिल्ली ने कहा, ''सरकार घोड़ा यहां से भागा है।''

दिशा बताने के लिए शेखचिल्ली ने किसी पत्थर की बजाए हाथ में रखी तलवार को ही नदी में फेंक दिया। मालिक शेखचिल्ली की मुर्खता की हद को सहन नहीं कर सका और उसके गाल पर दो तमाचे जड़ दिए। मालिक ने उसे डांटते हुए कहा कि पहले तो मेरा घोड़ा बहा दिया और यह बताने के लिए तुमने मेरी पसंदीदा तलवार भी नदी में फेंक दी।

**कहानी से सीख** : शेखचिल्ली की कहानी नौकरी से सीख मिलती है कि इंसान की अपनी खुद की समझ होना बहुत जरूरी है। बिना विचारे काम करने वाला व्यक्ति खुद के साथ दूसरों को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

New Delhi

# दिल्ली के वजीरपुर में डबल मर्डर, हत्या के इरादे से आए लोगों को उतारा मौत के घाट!

**नई दिल्ली.** दिल्ली के वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया से हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां हत्या के इरादे से आए तीन लोगों में से दो की मौके पर मौजूद लोगों ने चाकू से गोद कर हत्या कर दी. पुलिस का कहना है कि इस डबल मर्डर के पीछे आपसी रंजिश की बात सामने आई है.

पुलिस ने बताया कि वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया में दो लोगों की हत्या की जानकारी मिली थी. मौके पर पहुंची टीम को शुरुआती जांच में पता चला कि तीन लोग अनुज उर्फ इल्ला की हत्या करने के लिए आए थे, लेकिन मौके पर मौजूद इल्ला के लोगों ने हमला करने आए तीन में से दो लोगों पर हमला कर दिया और चाकुओं से गोद कर हत्या कर दी. घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना अशोक विहार पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है.

दिल्ली पुलिस ने हाल में डेटिंग एप्प के जरिए लड़की से दोस्ती कर उनके घर में लूटपाट करने वाले दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान कमल कुमार और राहुल के रूप में हुई है. राहुल विपिन गार्डन में जिम चलाता है. पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले भी कुछ आपराधिक मामले दर्ज हैं. लिस ने आरोपियों से लूटी गई गहने, दो मोबाइल, एक क्रेटा कार, चोरी की स्कूटी और फर्जी नंबर प्लेट बरामद की है.

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 31 मई को एक महिला ने शिकायत दी कि उसके साथ लूटपाट हुई है. उस महिला ने जो शिकायत पुलिस को दी उसके मुताबिक उसकी मुलाकात DATING JAUMO APP पर एक युवक से हुई.

इसके बाद 30 मई को जतिन ने मिलने की जिद की. इसके बाद महिला ने 30 मई की रात जतिन को अपने घर बुलाया. जतिन अपने साथ अपने एक दोस्त को ले गया था. महिला का आरोप है कि दोनों ने उसके हाथ-पांव बांध दिए. फिर कैश और जेवर लूट कर फरार हो गए. महिला की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी.

Uttarpradesh

## पानी के लिए गाजियाबाद में हत्या के बाद सांप्रदायिक तनाव, बवाल थामने को भारी फोर्स

**गाजियाबाद, (एजेंसी)** गाजियाबाद में पानी को लेकर हंगामा खड़ा हो गया है। यहां बाग में पानी करने को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद पिता और उनके दो बेटों पर गोली चला दी गई। इस घटना में एक बेटे की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। इसके अलावा पिता का कोई पता नहीं चल पा रहा है। मामला मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव खिदोडा का बताया जा रहा है। घटना के बाद सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया है। हत्या के विरोध में ग्रामीणों ने गंग नहर पटरी पर जाम लगा दिया है। बवाल को रोकने के लिए इलाके में भारी फोर्स तैनात की गई है।

दरअसल मामला अलग-अलग समुदाय का बताया जा रहा है और इसी के चलते तनाव बना हुआ है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। जिस बाग में पानी डालने को लेकर पूरा बवाल शुरू हुआ वह गांव खिदोडा निवासी वेदप्रकाश त्यागी का बाग है। मेरठ के जानी के गांव धोलडी निवासी 60 साल के पप्पू ने उनके बाग की फसल ठेके पर ले रखी है।

शुक्रवार रात को पप्पू अपने बाग में रजवाहे से पानी कर रहे थे। इसी बात को लेकर पप्पू का पड़ोसी बाग वाले से विवाद हो गया। उस समय तो बाग के मालिक वेदप्रकाश त्यागी ने मौके पर पहुंच कर मामला सुलझा दिया। लेकिन बाद मामला और भी ज्यादा बढ़ गया।

बताया जा रहा रात 11 बजे के आसपास पप्पू अपने बेटे चांद और राजा के साथ बाइक से गांव धोलडी से बाग में जा रहे थे। जब वह बंबे वाले मार्ग पर पहुंचे तो पहले से मौजूद लोगों ने तीनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी। गोली मारने के बाद पप्पू और चांद को रजवाहे में फेंक दिया। राजा का शव बरामद हो गया है, जबकि पप्पू का अभी तक कोई पता नहीं चला हैं। चांद की हालात गंभीर बनी हुई हैं। अलग अलग समुदाय का मामला होने के कारण तनाव बना हुआ है।

New Delhi

## गैंगस्टर छोटा शकील के रिश्तेदार की दिल का दौरा पड़ने से मौत, टेरर फंडिंग मामले में था जेल में बंद

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भगोड़े गैंगस्टर छोटा शकील के रिश्तेदार और टेरर फंडिंग मामले के आरोपी आरिफ अबूबकर शेख उर्फ भाईजान की शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई. वह जेजे अस्पताल में भर्ती था.**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने 2022 में टेरर फंडिंग से जुड़े एक मामले में शेख (61) को गिरफ्तार किया था. इस मामले में दाऊद इब्राहिम और छोटा शकील सहित दाऊद गैंग के कई सदस्य शामिल हैं. शेख गिरफ्तारी के बाद आर्थर रोड जेल में बंद था और जेजे अस्पताल में ही उसका इलाज चल रहा था. बता दें कि जुलाई 2023 में ठाणे जिले से सटे मीरा रोड एरिया में शेख की प्रॉपर्टी को एनआईए ने जब्त कर लिया था. आरिफ अबूबकर शेख को टेरर फंडिंग मामले में एनआईए ने गिरफ्तार किया था. उस पर टेरर फंडिंग के अलावा हथियारो की तस्करी, ड्रग्स और मनी लॉन्ड्रिंग के भी आरोप थे. शेख और उसके भाई मोहम्मद सलीम कुरैशी को सलीम फ्रूट के नाम से भी जाना जाता है.

Haryana

## आग बुझाने की मशीन बनाने वाली फैक्ट्री ही जली, 2 लोगों की मौत, 6 घायल

**गुरुग्राम, (एजेंसी)** गुरुग्राम के दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में आग बुझाने के यंत्र बनाने वाली फैक्ट्री में शुक्रवार देर रात जोरदार ब्लास्ट के बाद भीषण आग लग गई। इस हादसे में 2 श्रमिकों की जलकर मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल विभाग की 10 से ज्यादा गाड़ियां रात से ही मौके पर मौजूद हैं।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार देर रात 2 बजे फैक्ट्री में आग लगी। आग इतनी भयानक थी कि 3 किलोमीटर दूर तक लपटें दिखाई दे रही थीं। आग की लपटें और धमाका इतनी तेज था कि कुछ लोग घटनास्थल से 100 मीटर से ज्यादा दूर पास की फैक्ट्रियों में पड़े मिले हैं। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें अभी भी अंदर फंसे लोगों को रेस्क्यू करने में जुटी हैं। इस हादसे में आसपास



की 10 से ज्यादा फैक्ट्रियों में लोहे के भारी गाटर, एंगल और लोहे की भारी चादरें तक गिर गईं। इसमें भी भारी नुकसान हुआ है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद सुबह मौके पर पहुंचे डीसीपी करन गोयल ने इस हादसे में 2 लोगों के मरने और छह लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। इनमें से 2 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

खेल

# ऑस्ट्रेलिया ने डकवर्थ लुईस नियम से बांग्लादेश को 28 रन से हराया, वॉर्नर ने नाबाद 53 रन बनाए

**एंटीगुआ, (एजेंसी) टी20 विश्व कप 2024 के 44वें मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना बांग्लादेश से था। यह मैच एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में खेला गया। बांग्लादेश ने 141 रन का लक्ष्य दिया था। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने डकवर्थ लुईस नियम से मैच को 28 रन से जीत लिया।**

ऑस्ट्रेलिया ने डकवर्थ लुईस नियम से बांग्लादेश को सुपर-8 मुकाबले में 28 रन से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 140 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने बारिश की वजह से खेल रुकने तक 11.2 ओवर में दो विकेट गंवाकर 100 रन बना लिए थे। डकवर्थ लुईस नियम के तहत ऑस्ट्रेलिया के लिए इस



वक्त पार स्कोर 72 रन था। कंगारू टीम इससे 28 रन आगे थी। ऐसे में बारिश की वजह से मैच आगे न हो पाने पर ऑस्ट्रेलियाई टीम आसानी से जीत गई।

डेविड वॉर्नर ने 34 गेंद में टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 28वां अर्धशतक जड़ा। वह 35 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 53 रन बनाकर और ग्लेन मैक्सवेल छह गेंद में 14 रन बनाकर नाबाद रहे। सुपर-8 के ग्रुप-1 में अब भारतीय टीम शीर्ष पर है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे स्थान पर है। दोनों के दो-दो अंक हैं। भारत का नेट रन रेट +2.350 है, जबकि कंगारू टीम का नेट रन रेट +1.824 है। ऑस्ट्रेलिया को अब सुपर-8 के अगले मुकाबले में अफगानिस्तान से 22 जून को भिड़ना है।

वहीं, बांग्लादेश की टीम 22 जून को बांग्लादेश का सामना करेगी।

बारिश की वजह से मैच को फिर से रोक दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने फिलहाल 11.2 ओवर में दो विकेट गंवाकर 100 रन बना लिए हैं। डकवर्थ लुईस नियम के तहत ऑस्ट्रेलिया के लिए इस वक्त पार स्कोर 72 रन है। कंगारू टीम इससे 28 रन आगे है। अगर बारिश की वजह से मैच यहां रद्द होता है तो ऑस्ट्रेलियाई टीम आसानी से जीत जाएगी। इससे पहले डेविड वॉर्नर ने 34 गेंद में टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 28वां अर्धशतक जड़ा। वह 35 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 53 रन बनाकर और ग्लेन मैक्सवेल छह गेंद में 14 रन बनाकर नाबाद हैं। बांग्लादेश ने 141 रन का लक्ष्य रखा है।

सिनेमा

## कंगना रनौत ने अन्नू कपूर के बयान पर दिया जवाब, कहा- सफल और सुंदर महिला से नफरत करते हैं?



अन्नू कपूर हाल में अपनी फिल्म 'हमारे बारह' के लिए एक प्रेस कांफ्रेंस में शामिल हुए थे। इस दौरान एक्टर से जब कंगना रनौत के थप्पड़ विवाद से जुड़ा सवाल किया गया। लेकिन अन्नू के जवाब ने सभी को हैरान कर दिया। अन्नू कपूर ने कुछ ऐसा कह दिया जिसे प्रेस कांफ्रेंस में बैठे लोग तो हंस पड़े। लेकिन अब एक्ट्रेस को ऐसे शब्द रास नहीं रहे और उन्होंने पलटवार किया है। कंगना ने खुद को सक्सेसफुल महिला बताते हुए अपनी बात रखी है।

दरअसल, फिल्म हमारे बारह की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जब अन्नू कपूर से कंगना रनौत को CISF कर्मी द्वारा थप्पड़ मारे जाने पर सवाल किया था। इसके जवाब में एक्टर ने कहा था-'ये कंगना जी कौन हैं? कोई बड़ी हीरोइन हैं? सुंदर हैं?' अब इसके जवाब में कंगना रनौत सामने आई हैं। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में बयान वाला वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा - 'क्या आप अन्नू कपूर जी से सहमत हैं कि हम एक सफल महिला से नफरत करते हैं, अगर वह सुंदर है तो उससे ज्यादा नफरत करते हैं और अगर वह पावरफुल है तो उससे और भी ज्यादा नफरत करते हैं? क्या यह सच है?' कंगना के इस जवाब पर फ़िलहाल अन्नू कपूर की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## Highlights

1. 2 killed in blasts at fireball manufacturing factory in Gurugram
2. 9 children injured as tin roof falls on football ground in Thane
3. Govt notifies anti-paper leak law amid NEET, NTA controversy
4. Bihar TET exam scheduled to be held between June 26 & 28 postponed
5. Reach office by 9.15 am or lose half-day casual leave: Central govt to employees
6. Govt imposes stock limits on tur, chana till September 30

# Centre fixes 9.15 am deadline for 'latecomer' employees: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** In a move to crack down on "latecomers," the Centre's department of personnel and training (DoPT) has mandated that all government employees, including senior officials, must arrive at the office by 9 am, allowing a grace period of 15 minutes. They are expected to punch in by 9.15 am.

According to The Times of India report, all employees, including senior officers, have been directed to use the biometric attendance system, a measure that several of them have neglected since the Covid outbreak four years ago.

"For any reason, if the employee is not able to attend office on a particular day, it should be informed in advance and casual leave should be applied for," the circular cited by The TOI said, adding that officers will



monitor the attendance and punctuality of employees in their sections.

Here are the details

- According to the report, staff members have been warned that failing to arrive by 9.15 am will result in the deduction of half-day casual leave.

- While central government offices operate from 9 am to 5.30 pm, junior-level employees often arrive late and leave early, causing inconvenience, especially in public-facing roles. Senior officials argue that they work beyond regular office hours, often leaving after 7 pm, and thus do not have fixed working hours.

- In 2014, Prime Minister Narendra Modi's government attempted to enforce office hours, but employees resisted, citing long commutes as challenging.

- The Aadhaar-enabled biometric attendance system was previously used to monitor punctuality until its suspension due to the pandemic. It was reinstated in February 2022.

# Swiss court sentences Prakash Hinduja, 3 family members to 4.5 years in jail

**NEW DEIHI, (Agency).** A Swiss court on Friday sentenced Indian-born business tycoon Prakash Hinduja and three other members of his family to four and a half years in prison after finding them guilty of exploiting their domestic workers. The court threw out the severe charges of human trafficking, AP reported.

Besides Hinduja, his wife Kamal, son Ajay and daughter-in-law Namrata, were accused of trafficking of their servants, mostly illiterate Indians who were working at their lakeside villa in



the Swiss city Geneva.

The fifth accused Najib Ziazi, the Hinduja family's business manager, was handed an 18-month suspended sentence.

According to the report, the court found the Hindujas guilty of exploiting their workers and providing 'unauthorised' employment. Besides this, the family was accused of seizing their staffs' passports, paying them in rupees and not Swiss Francs, preventing them from leaving the villa and forcing them to work long hours in Switzerland.

Confidential Investigation & All type of Detective Services

DETECTIVE GROUP®

+91-91110 50101

- ★ Spousal (or) Pre-Matrimonial check
- ★ Post-Marital Check
- ★ Individual Character (Personal Cases)
- ★ Missing Persons Investigation
- ★ Financial Services Industry
- ★ Background Investigation
- ★ Attomeys& Legal Services
- ★ Investigation (Audio / Video)
- ★ Bussiness Partners, Bussiness & Corporate
- ★ Real Estate Fraud Investigation
- ★ Corporate & Financial Investigation Services
- ★ Spousal (or) Matrimonial Affair During Divorce of Spouse
- ★ Human Resource Professionals Investigation / Shadowing
- ★ Individual Clients Missing / Kidnapped
- ★ Background Investigation
- ★ Criminal Record Check
- ★ Cyber Fraud Investigation
- ★ Forensic Investigation & Documents, Handwriting Check

पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता

www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक